# कूपन स्क्रैच के बहाने लोगों को महंगा सामान बेचकर ठगने वाले 37 संदिग्ध लोग गिरफ्तार

## करधनी पुलिस ने उत्तरप्रदेश के इन आरोपियों को गिरफ्तार कर 13 चौपहिया वाहन जब्त किए

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । करधनी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फेरी लगाकर सामान बेचने वाले 37 संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से 13 चौपहिया वाहन भी जब्त किए गए है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर( पश्चिम )हनुमान प्रसाद ने बताया कि करधनी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि इलाके के लालचंदपुरा निवारू रोड स्थित सियाराम मैरिज गार्डन में कुछ संदिग्ध लोग आये हुए है। जो राजस्थान के बाहर के है और यह लोग गांवों एवं कॉलोनियों में जाकर "जय श्री श्याम मार्केटिंग एण्ड सेल्स" नाम की कंपनी का महंगी कीमत के सामान का कूपन देकर कूपन को स्क्रेच करवाकर सस्ता प्रोडक्ट देकर आम जनता को आर्थिक नुकसान पहुंचाने के लिए रूके हुए है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो





करधनी थाना पुलिस ने फेरी लगाकर सामान बेचने वाले 37 संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार कर 13 चौपहिया वाहन जब्त किए।

- **यह गिरोह लालचंदपुरा निवारू रोड स्थित सियाराम मैरिज गार्डन में रूके हुए थे और आसपास के गांव व कॉलोनियों में जाकर ठगी करने वाला था**

संदिग्ध लोगों ने अपनी मौजूदगी छुपाते हुए भागने का प्रयास किया। इस पर पुलिस ने जाब्ते की मदद से उन्हें रोककर उमेश सिंह, गोविंद बंजारा, मानसिंह, भरतलाल मीणा, देवेन्द्र सिंह, नरेश सिंह, जितेन्द्र सिंह, चंद्र सिंह, मनीष कुमार, कपिल कुमार, धन्नी राम, रितेश कुमार, दिलीप सिंह, विकास सिंह, सचिन नायक, अनिरुद्ध, लोकेश, विनय सिंह, अनिल, मनीष सिंह, मनोज, अनेश, करण सिंह, रोहित, देवकिशन, विपिन कुमार, लवकुश, जितू, ग्रिजेश, सौरभ नायक, स्वतंत्र देव सिंह, अमन सिंह, सलदेव नायक, दीपक सिंह, गौरव सिंह और अजय को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपित उत्तर प्रदेश के रहने वाले है। इन लोगों से पूछताछ करने पर सामने आया कि वह गांवो और कॉलोनियों में जाकर "जय श्री श्याम मार्केटिंग एण्ड सेल्स" नाम की कंपनी का महंगी कीमत का एक कूपन देकर कूपन को स्क्रेच करवाकर सस्ता प्रोडक्ट देकर आम जनता के साथ आर्थिक नुकसान पहुंचा कर संज्ञेय अपराध कारित करने की योजना थी।

# बस में पति-पत्नी को नशीली लस्सी पिलाकर जेवरात लूटे

**जयपुर** । ट्रांसपोर्ट नगर थाने इलाके में जहरखुरानी की वारदात कर दंपती को नशीली लस्सी पिलाकर बेहोश कर जेवरात लूटने का मामला सामने आया है। दंपती प्राइवेट बस से उत्तर प्रदेश जा रहा था। इस दौरान बस में ही बैठे दो लोगों ने बातों में उलझाकर वारदात को अंजाम दिया। दंपत्ति स्लीपर बस में ही बेहोश मिलने पर उन्हे अस्पताल में भर्ती करवाया गया। दोनों को चार दिन बाद होश आए और फिर जयपुर लौटने पर थाने में मामला दर्ज करवाया।

जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल मनीराम ने बताया कि जहरखुरानी की वारदात जयसिंहपुरा खोर के द्वारकापुरी निवासी किशन सिंह (36) और उसकी पत्नी प्रियंका देवी (33) के साथ हुई। जो दंपती रविवार रात ट्रांसपोर्ट नगर सर्किल से उत्तर प्रदेश जाने के लिए प्राइवेट बस में चढ़े थे। बस में जगह नहीं मिलने पर स्लीपर में बैठे 2 लोगों ने 400 रुपए किराया लेकर उन्हें बैठा दिया।

इसके बाद भाई साहब और बहनजी कहकर बातचीत करने लगे। रास्ते में मीठी-मीठी बात करने के दौरान दोनों ने लस्सी पीने को दी। लस्सी पीने के कुछ देर बाद ही बेहोशी आने लगी। स्लीपर से नीचे उतरने की कोशिश करने पर मुंह

- **प्राइवेट बस से उत्तर प्रदेश जा रहे थे दंपत्ति, बस में सवार दो लोगों ने बातों में उलझाकर दिया वारदात को अंजाम**
- **दंपत्ति को चार दिन बाद होश आया, जयपुर लौटने पर पीड़ित ने थाने में दर्ज कराया मामला**

पर हाथ रखकर कुछ सुंघाया। इस दौरान उन्होंने जेब में रखे 1.50 लाख रुपए, पत्नी का सोने का मंगलसूत्र, कानों के झुमके और उनके दो मोबाइल लूट लिए। बेहोश होने पर स्लीपर के अंदर छोड़कर चले गए।

बस के स्लीपर में बेहोश मिलने पर उन्हें अनजान व्यक्तियों ने आगरा अस्पताल में भर्ती करवाया। अस्पताल में करीब 3-4 दिन इलाज चलने के बाद दोनों को होश आया। होश आने पर जयपुर पहुंच कर थाने में मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ जहर खुरानी का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरु कर दी है।

# सरकारी आवास खाली कराने के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंचे बेनीवाल

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल को शहर में आवंटित सरकारी आवास को खाली कराने के लिए जारी नोटिस के खिलाफ बेनीवाल ने राजस्थान हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। याचिका पर हाईकोर्ट अगले सप्ताह सुनवाई करेगा।

याचिका में अधिवक्ता सुमित्रा चौधरी ने बताया कि संपदा अधिकारी ने याचिकाकर्ता को आवंटित विधायक आवास को खाली कराने के लिए गत एक जुलाई को नोटिस दिया था। जिस पर 11 जुलाई को पहली सुनवाई की गई। याचिका में कहा गया कि नोटिस देने की कार्रवाई में प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत की पालना नहीं की गई और उससे आवास खाली कराने के लिए मनमानी कार्रवाई की जा रही है। ऐसे में संपदा अधिकारी की ओर से जारी नोटिस और उसके आधार पर की जा रही कार्रवाई को रद्द किया जाए।

# 'राजस्थान को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर लाने का प्रयास'

**जयपुर** । उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि राजस्थान को सालभर पर्यटन का केंद्र बनाने की दिशा में राज्य सरकार गंभीर प्रयास कर रही है। वे शुक्रवार को जयपुर सिटी पैलेस में आयोजित राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट 2025 के पाँचवें संस्करण के शुभारंभ अवसर पर बोल रही थीं। इस आयोजन का संयुक्त रूप से आयोजन पर्यटन विभाग, राजस्थान सरकार और फेडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म ऑफ राजस्थान द्वारा किया गया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन राज्य की अर्थव्यवस्था, संस्कृति और रोजगार का अहम स्तंभ है। वर्ष 2023 में 18 करोड़ घरेलू और 18 लाख विदेशी पर्यटकों का आगमन हुआ, वहीं वर्ष 2024 में विदेशी पर्यटकों की संख्या में 22 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। उन्होंने कहा कि पर्यटन से राज्य की जीडीपी में 12 प्रतिशत का योगदान आ रहा है और लाखों लोगों को रोजगार मिल रहा है। राज्य सरकार द्वारा बांसवाड़ा और डूंगरपुर में जनजातीय पर्यटन, जैसलमेर के तनोट और बीकानेर के सांचू में सीमा और रेगिस्तान पर्यटन को विकसित किया जा रहा है। दिया कुमारी ने कहा कि राजस्थान डेस्टिनेशन वेडिंग्स, कॉन्सर्ट टूरिज्म और टूरिज्म के लिए उभरता हब बन चुका है। आईफा अवॉर्ड्स इसकी मिसाल है। सरकार आधारभूत ढांचे व सस्टेनेबिलिटी और कम्युनिटी-फर्स्ट मॉडल को प्राथमिकता दे रही है।

# 'अग्रवाल समाज समिति के अध्यक्ष के तौर पर खुद को प्रचारित ना करें चन्द्र प्रकाश'

**जयपुर** (कासं)। सिविल न्यायालय, दक्षिण, महानगर, प्रथम ने अग्रवाल समाज समिति के पूर्व अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश अग्रवाल भाडेवाला को अस्थाई निषेधाज्ञा के जरिए पाबंद किया है कि वे खुद को अग्रवाल समाज समिति के अध्यक्ष के तौर पर प्रचारित नहीं करें। वहीं अग्रवाल समाज के बंधुओं को भ्रमित नहीं करें और ना ही अग्रवाल समाज समिति की ओर से किए जा रहे कामकाज में ही कोई रुकावट डालें। ऐसा ना तो वे खुद करें और ना ही अपने किसी एजेंट, परिवारजन व समाज के लोगों से करवाएं। कोर्ट ने यह निर्देश अग्रवाल समाज समिति के अतिरिक्त महामंत्री विनोद कुमार अग्रवाल व अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल के अस्थाई निषेधाज्ञा प्रार्थना पत्र पर दिए।

समिति के अधिवक्ता मोहित खंडेलवाल ने बताया कि अग्रवाल समाज समिति की मौजूदा कार्यकारिणी ने गत 18 मार्च को एक अविश्वास प्रस्ताव के जरिए चन्द्र प्रकाश भाडेवाला को समिति के अध्यक्ष पद से हटा दिया था और ओमप्रकाश अग्रवाल को नया अध्यक्ष नियुक्त कर दिया। इसके बाद भी चन्द्रप्रकाश ने खुद को अध्यक्ष बताते हुए समिति के कामकाज में रुकावट की। ऐसे में चन्द्र प्रकाश को समिति का अध्यक्ष बताने और कामकाज में रुकावट से पाबंद करने के लिए ही समिति ने कोर्ट में उसके खिलाफ अस्थाई निषेधाज्ञा का प्रार्थना पत्र दायर किया था। गौरतलब है कि अग्रवाल समाज समिति सदस्यों ने 2017 में चन्द्र प्रकाश भाडेवाला को समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया था। वहीं बाद में समिति ने 19 मई 2024 को नई कार्यकारिणी गठित करने के लिए चुनाव कराए। इसे कुछ प्रत्याशियों ने कोर्ट में चुनौती दी। कोर्ट ने चुनाव में अनियमितता और चन्द्र प्रकाश भाडेवाला पर चुनाव प्रक्रिया में रुकावट डालने पर चुनाव का परिणाम घोषित करने पर रोक लगा दी। जिस पर नई कार्यकारिणी के चुनाव ना होने के कारण पूर्व की कार्यकारिणी ही समिति का कार्य वर्तमान में किया जा रहा था।

## सार-समाचार

### राहुल गांधी का पुतला दहन किया



**जयपुर** । कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के साझा मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता जी के प्रति की गई आपत्तिजनक और अपमानजनक टिप्पणी के विरोध में शुक्रवार को जयपुर में जोरदार विरोध प्रदर्शन हुआ। मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में राजा पार्क मंडल के जनता स्टोर सर्किल और महेश नगर मंडल के 80 फीट रोड पर विधायक कालीचरण सराफ के नेतृत्व में राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया।विधायक सराफ ने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों की भाषा की गिरावट निंदनीय ही नहीं, बल्कि लोकतंत्र के मूल्यों के विरुद्ध भी है। प्रधानमंत्री जैसे संवैधानिक पद और उनके परिवार के खिलाफ इस प्रकार की टिप्पणियाँ देश की सभ्य राजनीतिक परंपरा पर हमला हैं, उन्होंने कहा। विरोध प्रदर्शन में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और कांग्रेस नेताओं के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान भारी जनसमूह का आक्रोश साफ नजर आया। कार्यक्रम के संयोजक नटवर कुमावत ने बताया कि यह विरोध मालवीय नगर विधानसभा के राजा पार्क मंडल और महेश नगर मंडल के संयुक्त प्रयास से हुआ, जिसमें कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के बयान पर आक्रोश व्यक्त करते हुए उनका पुतला फूंका। इस अवसर पर जयपुर शहर उपाध्यक्ष ब्रह्मकुमार सैनी, चेयरमैन रमेश चंद्र सैनी, पार्षद दिनेश गौड़, उषा टाटीवाल, हिमांशु जैन, नरेश शर्मा, लक्ष्मण नूनीवाल, संजीव शर्मा, मंडल अध्यक्ष दीनदयाल सैनी, मोहित मूलचंदानी, महामंत्री जितेंद्र राव, अशोक शुक्ला, मनीष जैन, सुभाष अग्रवाल, अंकित गर्ग, कैलाश यादव, रविंद्र शर्मा, जितेंद्र चौधरी सहित अनेक गणमान्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### 7500 से ज्यादा रक्तदान शिविर की तैयारी

**जयपुर** । राजधानी जयपुर 17 सितम्बर को एक ऐतिहासिक पल का साक्षी बनने जा रहा है। अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् (अभातेयुप) अपने 61वें स्थापना दिवस और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर "रक्तदान अमृत महोत्सव 2.0" के तहत विश्व का सबसे बड़ा रक्तदान अभियान आयोजित करने जा रही है। इस दिन भारत सहित 75 देशों में 7500 से अधिक रक्तदान शिविर एक साथ आयोजित किए जाएंगे। इस अभियान को लेकर जयपुर की सड़कों पर निकले हजारों प्रतिभागियों ने 'रक्तदान जीवनदान' का संदेश दिया। जयपुर इकाई ने रक्तदान शिविरों की तैयारी को अंतिम रूप दे दिया है। शहर के प्रमुख अस्पतालों, रक्त बैंकों और सामाजिक संस्थाओं को जोड़कर हजारों यूनिट रक्त संग्रह का लक्ष्य रखा गया है। कार्यकर्ता नुक्कड़ नाटक, कॉलेज-कैंपस कनेक्ट और रैलियों के जरिए युवाओं को प्रथम बार रक्तदान करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। अभियान के राष्ट्रीय संयोजक हितेश भांडिया ने बताया कि दिल्ली में बनाए गए कंट्रोल रूम से पूरे देश और विदेशों में चल रहे शिविरों पर नजर रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल रक्त संग्रह करना नहीं है, बल्कि रक्तदान को देश की युवा पीढ़ी की जीवनशैली का हिस्सा बनाना है। 17 सितम्बर को देशभर में 4000 रक्त बैंक, 5000 डॉक्टर्स, 25,000 लैब टेक्नीशियन और 1 लाख वॉलंटियर्स मिलकर काम करेंगे। अनुमान है कि एक ही दिन में 3 लाख यूनिट रक्त एकत्र होगा।

### छह पुलिसकर्मियों को अवार्ड से नवाजा

**जयपुर** । जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने शुक्रवार को जयपुर पुलिस कमिश्नरेट पर आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट, सराहनीय, मेहनत, लगन एवं समर्पण से कार्य करने वाले छह पुलिसकर्मियों को ह्ल'कांस्टेबल ऑफ द मंथ के अवार्ड से सम्मानित किया । अगस्त माह 2025 का "कांस्टेबल ऑफ दी मंथ पुरस्कार के लिए जिला पूर्व से चिन्हित कांस्टेबल सुभाष चन्द ने पुलिस थाना गांधीनगर क्षेत्र में हुई सागर सिंह का अपहरण व लूट वारदात का पर्दाफाश कर वारदात में शामिल तीनों आरोपितों को गिरफ्तार करवाने में अहम भूमिका निभायी। जिला पश्चिम के कांस्टेबल मुकेश कुमार पुलिस थाना करणी विहार ने मालखाना निस्तारण अभियान के दौरान जप्तशुदा एवं आबकारी अधिनियम मे जप्त माल, एनडीपीएस प्रकरणों मे जब्त माल का निस्तारण कराने एवं पेंटिंग मालखाना मदों का निस्तारण करवाने का सराहनीय कार्य किया है। जिला उत्तर के कांस्टेबल मनोज कुमार पुलिस थाना जयसिंहपुरा खोर ने जैन मंदिर में चोरी करने वाले व भैंस चोरी करने वाले आरोपितों को गिरफ्तार किया। नाबालिग बच्चों को दस्तयाब करने व दो स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार करने में विशेष भूमिका निभायी। जिला दक्षिण के कांस्टेबल राघवेंद्र पुलिस थाना अशोकनगर ने सेन्ट्रल पार्क में अज्ञात चोरों द्वारा एक बुजुर्ग महिला को बेहोश कर उसकी सोने की अंगूठी चोरी करने की वारदात में आसूचना संकलित कर आरोपी को दस्तयाब कराया। कांस्टेबल रोहिताश यातायात शाखा उत्तर ने ड्यूटी जाते समय एक स्कूटी सवार महिला को अज्ञात वाहन चालक द्वारा टक्कर मारकर फरार होने पर कांस्टेबल ने अपनी कार रोककर घायल महिला व दो बच्चों को कार से अस्पताल ले जाकर भर्ती करवाया तथा महिला के परिजनों को सूचना देकर बच्चों के परिजनों को सुपुर्द करने का उल्लेखनीय कार्य किया। कांस्टेबल सरोज महिला पुलिस नियंत्रण कक्ष जयपुर पुलिस कमिश्नरेट ने महिला गरिमा हेल्पलाइन नंबर 1090 पर राजस्थान के समस्त जिलों से महिलाओं के साथ होने वाली घटनाओं से संबंधित शिकायतें प्राप्त होने पर तत्काल संबंधित पुलिस थाना, जिला पुलिस नियंत्रण कक्ष पर भिजवा कर अनुसंधान अधिकारी व पीड़िता से सम्पर्क व समन्वय स्थापित कर त्वरित निस्तारण करवाया। वर्ष 2025 माह अगस्त तक महिला गरिमा हेल्पलाइन नंबर 1090 पर प्राप्त 3341 शिकायतों में से 2948 शिकायतों का निस्तारण करवाया।

### उत्कृष्ट खिलाड़ियों के लिए आवेदन 15 से

**जयपुर** । राजस्थान पुलिस में कांस्टेबल (उत्कृष्ट खिलाड़ी कोटा) भर्ती 2025 के लिए आवेदन प्रक्रिया में बदलाव किया गया है। अब उत्कृष्ट खिलाड़ी 12 सितंबर की जगह 15 सितंबर 2025 से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इसी बदलाव को देखते हुए आवेदन की अंतिम तिथि को भी 1 अक्टूबर से बढ़ाकर 4 अक्टूबर, 2025 कर दिया गया है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड बिपिन कुमार पाण्डेय ने बताया कि कुल 167 पदों पर भर्ती के लिए जारी विज्ञिप्त में संशोधन किया है।

# गौ-माता को राज्य माता का दर्जा दिलाने की मांग

**जयपुर** (कासं)। जयपुर में एक बार फिर गौ माता को राज्य माता का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर बड़ी रैली का आयोजन होने जा रहा है। युवा शक्ति मंच राजस्थान की ओर से रविवार को जल महल से दशहरा मैदान तक भगवा रैली निकाली जाएगी, जिसमें 30 हजार से अधिक युवा शामिल होंगे। रैली सुबह 11 बजे जल महल से साधु-संतों के सान्निध्य में भगवा ध्वज दिखाकर रवाना की जाएगी। आयोजन को स्वामी लक्ष्मणानंद बलिदान दिवस के रूप में मनाया जाएगा। मंच के प्रदेश संयोजक सुनील सिंह शेखावत ने बताया कि रैली का उद्देश्य हिंदू राष्ट्र का संकल्प और गाय को राज्य माता का दर्जा दिलाने की मांग को मजबूत करना है। यह मंच की आठवीं भगवा रैली होगी, जो बीते 10 वर्षों से आयोजित की जा रही है (कोरोना काल को छोड़कर)। रैली में 10 हजार दोपहिया और 500 चारपहिया वाहन शामिल होंगे। आयोजन को सुव्यवस्थित करने के लिए 1000 वॉलंटियर्स की तैनाती की जाएगी। साथ ही 6 डीजे साउंड सिस्टम से हिंदुत्व का संदेश गूंजेगा। रैली रामगढ़ मोड, चूंगी नाका होते हुए आदर्श नगर स्थित दशहरा मैदान पर समाप्त होगी। रैली में साधु-संतों के साथ-साथ कई जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है। सांसद मंजू शर्मा, विधायक गोपाल शर्मा, टाइगर राजा सिंह, बालमुकुंदाचार्य, रवि नय्यर मौजूद रहेंगे।

# पर्यटन और महिला सशक्तिकरण पर चर्चा

**जयपुर** । उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शुक्रवार को जयपुर में आयोजित यूनिग्लोब सूत्र सम्मेलन 2025 में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। कल, आज और कल विषय पर आधारित इस सम्मेलन में उन्होंने राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत, लोककलाओं, पर्यटन की संभावनाओं और महिला सशक्तिकरण जैसे विषयों पर अपने विचार साझा किए। दिया कुमारी ने कहा कि, राजस्थान की समृद्ध संस्कृति, परंपराएं और ऐतिहासिक धरोहरें विश्व पर्यटन के केंद्र में आने की पूरी क्षमता रखती हैं। इस सम्मेलन के माध्यम से प्रदेश की पर्यटन विरासत को वैश्विक मंच मिला है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए व्यापक प्रयास कर रही है।

# ट्रक ड्राइवर ने लगाया आर.टी. गार्ड पर 200 रु. रिश्वत लेने का आरोप

**जयपुर** । राजस्थान परिवहन विभाग प्रथम की हेल्पलाइन नंबर पर रोड फ्लाइंग में तैनात गार्ड की रिश्वत की शिकायत मिलने के बाद परिवहन विभाग ने पूरी टीम को फ्लाइंग से हटा दिया और टीम में शामिल तीनों गार्ड्स को रेक्सों में भेज दिया। वहीं टीम के इंस्पेक्टर को ऑफिस में लगा दिया।

परिवहन विभाग प्रथम के आरटीओं राजेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि परिवहन विभाग ने कुछ समय पहले हैल्पलाइन नंबर जारी किया था। इस हैल्पलाइन को इसी लिए शुरु किया गया था ताकी फील्ड में कहीं भी फ्लाइंग टीम या आरटीओं अधिकारी, कर्मचारी किसी भी तरह से कोई रिश्वत की मांग करते है तो वाहन चालक हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज करा सकें और उन्हे उचित इंसाफ मिल सकें। गुरुवार को हैल्पलाइन नंबर एक ट्रक ड्राइवर कि शिकायत प्राप्त हुई थी। ट्रक चालक का आरोप है कि रोड फ्लाइंग में तैनात गार्ड ने 200 रुपए की रिश्वत ली है। उनका कहना है कि हालांकि शिकायत पर जांच की जा रही है, परंतु कोई पुख्ता साक्ष्य अभी नहीं मिले है। शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करते हुए फ्लाइंग में तैनात तीनों गाड्र्स को रेक्सो में भेजा दिया गया है और टीम में मौजूद इंस्पेक्टर को आफिस में लगाया गया है। आरटीओ प्रथम राजेंद्र सिंह शेखावत ने लोगों से अपील है की अगर कोई गार्ड या ऑफिस कर्मचारी किसी भी तरह की रिश्वत की मांग करता है तो तुरंत दी गई हेल्पलाइन 6367479830 पर मैसेज करें। हर शिकायत पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह कदम मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के गुड गवर्नेंस एजेंडे के तहत उठाए जा रहे हैं।

- **टीम में शामिल तीनों गाड्र्स को रेक्सो में भेजा, इंस्पेक्टर को ऑफिस में लगाया**

# पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में 10 हजार पदों के लिए 5 लाख से अधिक उम्मीदवार मैदान में

## 13-14 सितंबर को होगी लिखित परीक्षा, प्रशासन ने किए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान पुलिस में कांस्टेबल के 10 हजार रिक्त पदों पर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा 13 और 14 सितंबर 2025 को आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में 5 लाख 24 हजार 740 उम्मीदवारों ने आवेदन किया है। इन पदों में कांस्टेबल सामान्य, चालक, बैंड, पुलिस दूरसंचार और हाल ही में गठित तीन महिला बटालियन अमृता देवी, कालीबाई और पदमिनी देवी के पद शामिल हैं।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक भर्ती एवं पदोन्नित बोर्ड बिपिन कुमार पाण्डेय ने बताया कि विज्ञापित पदों के अनुसार कांस्टेबल सामान्य नॉन टीएसपी के 8 हजार 512 पद, टीएसपी के 867, चालक नॉन टीएसपी के 503, टीएसपी के 47 और कांस्टेबल बैंड के 71 पद है। विज्ञापित पदों में 3 नवसृजित आरएसी महिला बटालियन अमृता देवी, कालीबाई व पदमनी देवी के कुल 1 हजार 500 पदों एवं पुलिस दूरसंचार में कांस्टेबल आईटी के 1 हजार 469 पदों को सम्मिलित किया गया है।

राज्य सरकार द्वारा पुलिस विभाग में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है जिसके अनुरूप ही विज्ञापित पदों में महिलाओं के लिये कुल 3 हजार 303 पद सम्मिलित किये गये है।

एडीजी पाण्डेय ने बताया कि 13 सितम्बर को पुलिस दूरसंचार कांस्टेबल व चालक पद के लिए तथा 14 सितम्बर को कांस्टेबल पुलिस, इंटेलिजेंस, आरएसी, एमबीसी के कांस्टेबल सामान्य व चालक पद के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है।

13 सितम्बर को लिखित परीक्षा अपरान्ह 3 बजे से 5 बजे तक केवल द्वितीय पारी में आयोजित है, जिसमें नौ जिलों के 280 परीक्षा केदो में 1 लाख 5 हजार 846 अभ्यर्थी शामिल होंगे। जबकि 14 सितम्बर को प्रात: 10 बजे से 12 बजे तक पहली पारी में 21 जिलों के 582 परीक्षा केंद्रों पर 2 लाख



अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड बिपिन कुमार पाण्डेय ने प्रैस कॉफ्रेंस की।

9 हजार 987 अभ्यर्थी और अपरान्ह 3 बजे से 5 तक दूसरी पारी में 21 जिलों के 580 परीक्षा केंद्रों पर 2 लाख 8 हजार 907 अभ्यर्थी शामिल होंगे।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एटीएस और एसओजी वी.के.सिंह लिखित परीक्षा के लिए सभी पुख्ता इंतजाम कर लिए गए हैं। परीक्षा की पारदर्शिता और शुचिता के लिए काफी व्यवस्थाएं पुलिस विभाग द्वारा की गई है। सभी परीक्षा केंद्रों को सीसीटीवी से कवर किया जाकर पुलिस मुख्यालय स्तर पर कन्ट्रोल रूम बनाया गया है, जिसमें लाइव प्रसारण और मॉनिटरिंग के लिए आईटी प्रशिक्षित अधिकारियों व कर्मचारियों को तैनात किया गया है। परीक्षा केन्द्र के प्रवेश द्वारों पर अभ्यर्थियों की प्रारम्भिक जांच के लिए पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों की टीम एवं एचएचएमडी माध्यम से सघन तलाशी के लिए एजेंसी के प्रतिनिधियों को तैनात किया है। परीक्षा केन्द्र के प्रवेश द्वार पर अभ्यर्थियों की बायोमेट्रिक जांच उपरांत ही प्रवेश दिया जायेगा। सभी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को निष्प्रभावी करने के लिए प्रत्येक परीक्षा केन्द्रों पर जैमर लगाए गये है।

परीक्षा केन्द्र के अन्दर इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को पूर्णरूपेण वर्जित रखा गया है। परीक्षा केन्द्र पर ड्यूटी के लिए नियोजित स्टाफ के लिये पहचान पत्र जारी किये गये है, ताकि अनाधिकृत व्यक्ति प्रवेश नहीं कर सके। उन्होंने बताया कि परीक्षा के प्रश्न पत्रों को सुरक्षा और गोपनीयता की दृष्टि से 9 स्तर की पैकिंग में रखा गया है। परीक्षा सामग्री (प्रश्न पत्र इत्यादि) के संग्रहण के लिए बनाये गये अस्थाई ट्रेजरी रूम को सीसीटीवी के कवर किया गया है एवं उसकी सुरक्षा के लिए हथियार बन्द गार्ड तैनात की गई। परीक्षा सामग्री की लोडिंग एवं अनलोडिंग प्रक्रिया को वीडियोग्राफी में कवर किया जा रहा है। जिसकी ऑनलाईन निगरानी पुलिस मुख्यालय स्तर पर भी की जा रही है। परीक्षा सामग्री को परीक्षा से पूर्व परीक्षा केन्द्रों पर नियत समय पर पहुंचाने एवं प्रयुक्त सामग्री को वापस संग्रहण स्थल पर पहुंचाने के लिए पुलिस परिवहन अधिकारियों एवं उनके साथ हथियार बन्द गार्ड तैनात किये गये है।

जिला कलेक्टर व शिक्षा विभाग को गृह विभाग के माध्यम से लिखित परीक्षा विधिवत, सुचारू और दुरुस्त रूप से आयोजन करवाये जाने सम्बन्धी आवश्यक संसाधन व्यवस्था करवाने के लिए निर्देशित किया है। संगठित गिरोह द्वारा स्मार्ट गैजेट (मोबाईल, ब्ल्यूटूथ आदि) का उपयोग कर नकल कराने वाले गिरोह और संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी के लिए सम्बन्धित जिला पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया है। अभ्यर्थियों व उनके अभिभावक का भी एक जिले से दूसरे जिले में तथा परीक्षा केन्द्रों पर आवागमन के लिए रोडवेज व रेलवे के अधिकारियों को गृह विभाग के माध्यम से निर्देशित किया गया है।

- **परीक्षा केन्द्रों पर बायोमेट्रिक जांच से ही मिलेगी अभ्यर्थियों को एंट्री, पुख्ता सुरक्षा व चैकिंग व्यवस्था भी रहेगी**

# जमीन अवाप्ति के विरोध में उतरे नींदड़ के किसान-ग्रामीण



नींदड़ के किसानों और ग्रामीणों का काफिला शुक्रवार सुबह मुख्यमंत्री आवास की ओर निकला तो पुलिस ने उन्हें बीच रास्ते में रोक लिया। इसके बाद सभी लोग वहीं बैठ गए और जेडीए के खिलाफ नारे लगाए।

**जयपुर** । राजधानी जयपुर में हरमाड़ा के नजदीक ग्राम नींदड़ में 1350 बीघा कृषि भूमि की अवाप्ति के विरोध में किसानों और ग्रामीणों ने शुक्रवार को पुरजोर विरोध-प्रदर्शन किया। यह लोग अनिश्चितकालीन धरने के 296वें दिन मुख्यमंत्री आवास घेराव के लिए शुक्रवार को जैसे ही निकले तो पुलिस-प्रशासन ने उन्हें रोक लिया। इस पर किसानों ने साफ कहा कि, वे अब पीछे हटने वाले नहीं हैं। किसान वहीं धरने पर बैठ गए और कहा कि जब तक पुलिस हटेगी नहीं, तब तक हम यहीं डटे रहेंगे, लेकिन वापस नहीं जाएंगे।

बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. नगेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि सरकार एवं जयपुर विकास प्राधिकरण की जिद अब बर्दाश्त से बाहर है। नींदड़ के किसान अपने हक और पुश्तैनी जमीन की रक्षा के लिए हर कीमत चुकाने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन का दबाव और बाधाएं आंदोलन को कमजोर नहीं कर सकतीं, बल्कि इससे किसानों का संकल्प और भी मजबूत हुआ है।

समिति अध्यक्ष कैलाश बोहरा ने कहा कि अब आंदोलन निर्णायक चरण में प्रवेश कर चुका है। मुख्यमंत्री आवास घेराव किसानों का हक है और यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक नींदड़ की कृषि भूमि की अवाप्ति पूरी तरह से निरस्त नहीं हो जाती।

किसानों और कॉलोनीवासियों ने कहा कि, 'अबकी बार आर-पार की लड़ाई होगी, नींदड़ की जमीन किसी कीमत पर नहीं जाएगी।"